सत्यमेव जयते

## न्यायालय

# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी

## गुढामालानी

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना—पत्र संख्याः— 08/2026(202601135900017) दर्ज तिथिः—16.01.2026

1. खरथाराम पुत्र धनाराम
2. पुरखाराम पुत्र धनाराम
3. मोहनराम पुत्र धनाराम
4. वालाराम पुत्र धनाराम
5. ओमाराम पुत्र वीराराम
6. खुशालाराम पुत्र वीराराम
7. नेनुदेवी पत्नी वीराराम
8. केसीदेवी पत्नी दीपाराम

   जाति मेघवाल निवासी जयपालों मेगवालों का वास, खुडाला तहसील गुड़ामालानी।

............प्रार्थीगण

*बनाम*

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार गुड़ामालानी
2. कोहलाराम पुत्र डुगरा
3. मूलाराम पुत्र भगवानाराम
4. जेतीदेवी पत्नी भगवानाराम
5. मागाराम पुत्र विरधाराम
6. दुदाराम पुत्र विरधाराम
7. धारूराम पुत्र वोहताराम
8. पांचाराम पुत्र वोहताराम
9. केसराराम पुत्र घमण्डाराम
10. मोहनलाल पुत्र वरजाराम
11. दलाराम पुत्र वरजागाराम
12. उमाराम पुत्र वरजागाराम
13. कतुदेवी पत्नी वरजागाराम

    जाति मेघवाल निवासी जयपाला मेगवालो का वास तहसील गुड़ामालानी
14. कमलादेवी पत्नी भाखरराम
15. किशनाराम पुत्र चेनाराम

    निवासी अणदाणियों की बेरी राणासर खुर्द तहसील नोखड़ा।
16. कालुराम पुत्र ईशराराम
17. टीकुराम पुत्र ईशराराम
18. गंगादेवी पत्नी ईशराराम
19. सुरेश कुमार पुत्र जोधाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 13:35:02 IST
Reason: SelfAttested

20. छगनाराम पुत्र जोधाराम
21. सोनीदेवी पत्नी जोधाराम
22. वालीदेवी पत्नी जुंजाराम
23. सुशीला पुत्री जुंजाराम
24. गोपाल पुत्र जुंजाराम
    (विप्रार्थी सं. 23, 24 नाबालिग की वलिया माता वालीदेवी पत्नी जुंजाराम जाति मेगवाल निवासी जयपाला मेगवालो का वास तहसील गुड़ामालानी)
25. दुदाराम पुत्र केहराराम
26. खमुराम पुत्र केहाराराम
27. डालुराम पुत्र केहराराम
28. चंपा पत्नी केहराराम
    जाति मेगवाल निवासी अणदाणियों की बेरी
29. पैलादराम पुत्र बादराराम
30. नारणाराम पुत्र बादराराम
31. मुलाराम पुत्र बादराराम
    जाति मेगवाल निवासी जयपाला मेगवालो का वास
32. धरमाराम पुत्र धोकलाराम
33. तेजाराम पुत्र धोकलाराम
34. कुम्भाराम पुत्र धोकलाराम
35. दानाराम पुत्र धोकलाराम
    जाति मेगवाल निवासी अणदाणियों की बेरी
36. भवराराम पुत्र लिखमाराम
37. प्रतापाराम पुत्र लिखमाराम
38. बाबुराम पुत्र लिखमाराम
39. मोटाराम पुत्र लिखमाराम
    जाति मेगवाल निवासी जयपाला मेगवालों का वास तहसील गुड़ामालानी
40. शाखा प्रबंधक एसबीआई बैक गुड़ामालानी
41. शाखा प्रबंधक आरएमजीबी बैक शाखा गुड़ामालानी

..............अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः–श्री जगदीश विश्नोई
अप्रार्थी सं. 25 ता 31ः–श्री प्रागाराम बोगराज
शेष अप्रार्थीगणः–एकतरफा

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–131,136
राजस्थान भू–राजस्व अधि.–1956

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः–04.05.2026

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–131, 136 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है किः–

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 13:35:02 IST
Reason: SelfAttested

- कि प्रार्थीगण की पैतृक व कब्जे काश्त की आराजी खसरा संख्या 28/6 रकबा 1.7482 है0 व खसरा संख्या 28/4/1.7401 है0 मौजा जयपाला मेघवालों का वास पटवार हल्का नगर तहसील गुड़ामालानी में अवस्थित है। जिसमें प्रार्थीगण की रहवासी ढाणिया, पशुबाड़े, चारबाड़े इत्यादि बने हुए है।
- कि प्रार्थीगण उक्त खसरा संख्या 28/6 व 28/4 मूल खसरा संख्या 28 से विभक्त हो कर बने है। मूल खसरा संख्या 28 से विभक्त होकर कुल 10 बने है। जिसमें से प्रार्थीगण के पड़ौसी खसरा संख्या 28/1, 28/2, 28/3, 28/5, 28/7, 28/8, 28/9, 28 विप्रार्थी संख्या 02 से 39 की आराजी है।
- कि मूल खसरा संख्या 28 से नवसृजित खसरों का अलग—अलग बट्टा अंकित करते समय विजाजित खसरों का रकबा बरारी सही अंकित किये बिना ही तरमीम कर दी गई। जिससे कुछ खसरों की तरमीम मौके से ज्यादा एवं कुछ खसरों की तरमीम मौके से कम अंकित कर दी गई। जिससे मौके एवं राजस्व रिकॉर्ड में भिन्नता उत्पन्न हो गई। मूल खसरा में से खसरा संख्या 28/10 गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किया गया जो मौके अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में सही है।
- प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण एक ही मूल खसरा संख्या 28 के खातेदार थे। प्रार्थीगण के खसरा संख्या 28/4, 28/6 में मौका अनुसार उसमें रहवासी ढाणिया इत्यादि बनी हुई है। लेकिन जिसकी तरमीम पड़ौसी खसरों मे जा रही है। प्रार्थीगण ने उक्त रकबा बरारी व तरमीम को परिशिष्ट 'अ' अनुसार दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी सं. 25 से 31 असालतन वकालतन उपस्थित न्यायालय हुए। शेष अनुपस्थित अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी से मौका रिपोर्ट तलब की गई। प्रकरण में अधिवक्ता अप्रार्थी सं. 25 ता 31 द्वारा जवाब मय आपत्ति प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी सं. 25 ता 31 के खसरा संख्या 28/7 भी मूल खसरा संख्या 28 से विभक्त होकर बना है। अप्रार्थी सं. 25 ता 31 के खसरा संख्या 28/7 की तरमीम मौका कब्जा अनुसार नहीं है। अप्रार्थी सं. 25 ता 31 ने परिशिष्ट 'क' प्रस्तुत कर अप्रार्थी सं. 25 ता 31 की आराजी की तरमीम परिशिष्ट 'क' अनुसार किये जाने का निवेदन किया गया।


3. प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 द्वारा मौका रिपोर्ट प्रेषित की गई। प्रकरण में बहस सुनी गई। दौरान—ए—बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थी की आराजी की तरमीम परिशिष्ट—अ के आधार दुरूस्त कर रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया। दौराने बहस अधिवक्ता अप्रार्थी सं. 25 ता 31 द्वारा प्रार्थी एवं अप्रार्थी सभी के खसरों की तरमीम दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया। प्रकरण में बहस पर मनन किया गया।


5. प्रकरण में प्रार्थीगण द्वारा अपनी खातेदारी आराजी की तरमीम को दुरूस्त करवाने हेतु परिशिष्ट—अ प्रस्तुत किया है। प्रकरण में हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित

Signature Not Verified


Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 13:35:02 IST
Reason: SelfAttested

तरमीम के परिशिष्ट—अ का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार हैः—




6. हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित तरमीम के परिशिष्ट—अ के परीक्षण के पश्चात तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक / आर.ए. / 2026 / 2330 दिनांक 16.04. 2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा प्रस्तुत किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है—




Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 13:35:02 IST
Reason: SelfAttested

7. प्रकरण में प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट का उद्धरण इस प्रकार हैः—

1. *प्रार्थीगण की आराजी हाल खसरा संख्या 28/1, 28/2, 28/3, 28/4, 28/5, 28/6, 28/7, 28/8, 28/9, व 28 मौजा जयपाला मेगवालों का वास का तितम्मा वर्तमान राजस्व नक्शे में रकबा बरारी अनुसार अंकन नहीं किया गया है।*
2. *प्रार्थीगण की आराजी हाल खसरा संख्या 28/1, 28/2, 28/3, 28/4, 28/5, 28/6, 28/7, 28/8, 28/9, व 28 मौजा जयपाला मेगवालों का वास का तितम्मा वर्तमान राजस्व नक्शे में कब्जा अनुसार अंकित नहीं किया गया है।*
3. *प्रार्थीगण की आराजी हाल खसरा संख्या 28/1, 28/2, 28/3, 28/4, 28/5, 28/6, 28/7, 28/8, 28/9, व 28 मौजा जयपाला मेगवालों का वास का तितम्मा वर्तमान राजस्व नक्शे में रकबा बरारी कब्जा काश्त अनुसार तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित है।*
4. *उक्त खसरों का तितम्मा वर्तमान राजस्व नक्शे में रकबा बरारी व कब्जा अनुसार अंकित नहीं किया गया है।*

8. प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तथा हाल राजस्व नक्शा के तुलनात्मक अवलोकन से स्पष्ट है कि तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा द्वारा प्रस्तावित तरमीम से सभी प्रार्थी सहमत हैं। इस प्रकार मुताबिक तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

***राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा 131, 136 के अन्तर्गत प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक/आर.ए./2026/2330 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा अनुसार मूल खसरा संख्या 28 से विभक्त सभी नवसृजित खसरों की तरमीम दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा निर्णय का अनन्य भाग रहेगा।***

उक्त निर्णय की पालना हेतु एक प्रति तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवायी जावें।

यह आदेश आज दिनांक 04.05.2026 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया गया एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की मुहर व हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर
गुढामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 13:35:02 IST
Reason: SelfAttested